पेज थ्री देहरादून

# हमारा दून



लेखक एवं कवि प्रसून जोशी ने शिष्टाचार भेंट करते हुए मुख्यमंत्री।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने लेखक एवं कवि प्रसून जोशी ने शिष्टाचार भेंट की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष, प्रख्यात गीतकार, पटकथा लेखक एवं कवि प्रसून जोशी ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री के साथ भेंट के दौरान उन्होंने उत्तराखण्ड में फिल्म निर्माण, कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में विकास की संभावनाओं पर चर्चा की।

### सीएम ने प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष के भाई के निधन पर शोक व्यक्त किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष अनिल गोयल के भाई राजेन्द्र गोयल के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को गोयल के एम.के.पी. चौक स्थित आवास पर जाकर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों का इस दुःख को सहन करने की शांति प्रदान करने के लिये ईश्वर से कामना की। मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने भी राजेन्द्र गोयल के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की।

### चारधाम यात्रा में ग्रीन कार्ड की छूट देने की मांग

**संवाददाता** ऋषिकेश। संयुक्त रोटेशन टैक्सी–मैक्सी संचालक समिति से जुड़ी परिवहन संस्थाओं ने चारधाम यात्रा में ग्रीन कार्ड की छूट, ई–पास और पोर्टल पर पंजीकरण की बाध्यता समाप्त करने संबंधी विभिन्न मांगों को लेकर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री को भी ज्ञापन प्रेषित किया। संयुक्त रोटेशन टैक्सी–मैक्सी बुधवार को संचालक समिति ऋषिकेश–लक्ष्मणझूला ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया। समिति ने आरटीओ अरविंद पांडे के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।

### देहरादून इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में जीशान अली एंटरटेनमेंट की रही धूम

**संवाददाता** देहरादून। छठवे देहरादून इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हर बार की तहर इस बार भी जीशान अली एंटरटेनमेंट की फिल्मों की धूम रही। दो साल के बाद देहरादून इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आयोजन देहरादून में हुआ। इस तीन दिवसीय आयोजन में सैकड़ों फिल्में दिखाई जाती है पर कई फिल्में लोगों के दिलों पर छाप छोड़ जाती है। जीशान अली एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी हॉरर फिल्म हवेली के दो भूत को मिली वाहवाही देख कर ऐसा ही प्रतीत हुआ।

# जहां धान क्रय केन्द्र खोलने की डिमांड है वहां शीघ्रता से खोले जाएं: सीएस

**समीक्षा**

■ सीएस ने की खरीफ सीजन में धान की खरीद के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु की अध्यक्षता में उनके सचिवालय सभागार में 2021–22 के खरीफ सीजन में धान की खरीद के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

मुख्य सचिव ने विभागीय अधिकारियों खाद्य विभाग, सहकारिता तथा संबंधित पक्षों से धान की खरीद में आने वाली विभिन्न प्रकार की समस्याओं, बाधाओं और व्यावहारिक कठिनाइयों के संबंध में संबंधित स्टेक होल्डर(पक्षों) का पक्ष सुनने के पश्चात् विभागीय अधिकारियों तथा जिलाधिकारी ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार को धान की व्यवस्थित, पारदर्शी और शीघ्रता से खरीद के संबंध में जरूरी दिशा–निर्देश दिये। उन्होंने विभागीय अधिकारियों और क्रय केन्द्रो का संचालन करने वाले प्रबन्धकों के सख्त निर्देश दिये कि धान की खरीद में किसानों के साथ किसी भी तरह की धोखाधड़ी अथवा किसानों का किसी भी प्रकार का शोषण बर्दाशत नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिये कि किसानों से धान की व्यवस्थित और पारदर्शी खरीददारी में जो भी प्रबन्धन स्तर की, प्रशासनिक स्तर की तथा तकनीकी स्तर की कठिनाईया हैं, उनको तत्काल दूर करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिये कि जिन स्थानों पर और धान क्रय केन्द्र खोलने की डिमांड है वहां शीघ्रता से खोले जाए। जहां पर बोरे अथवा धान क्रय से सम्बन्धित सामग्री इत्यादि की कोई जरूरत हो उनको तत्काल पूरा करें। विभागीय अधिकारियों ने जब मुख्य सचिव को अवगत कराया कि किसानों के प्रत्येक वर्ष क्रय प्रक्रिया हेतु खाते खोले और क्रय प्रक्रिया पूरी होने के तत्काल बाद बंद हो जाते है तो इस पर मुख्य सचिव ने निर्देशित किया कि जिन किसानों से खरीददारी की जाती हैं उन सभी का एक ही बार जीरो बैलेंस पर खाता खुलवायें तथा उसको बार–बार बंद ना करें बल्कि चलता रहने दें क्योंकि इससे अनावश्यक रूप से प्रक्रिया में देरी हो जाती है। साथ ही किसान खाता खोलने, बंद करवाने में अनावश्यक परेशान होते हैं। उन्होंने सभी क्रय केन्द्रों पर 50 से 100 मॉस्चर(नमी) मीटर रिजर्व के रूप में रखने के निर्देश दिये। कहा कि जब तक क्रय केन्द्रों पर किसानों का धान आ रहा है तब तक उसको खरीदते रहें।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिये कि प्रत्येक क्रय केन्द्रों और मंडी के मुख्य द्वार पर अनिवार्य रूप से विजिबल आकर्षक साइन बोर्ड लगा होना चाहिए जिस पर स्पष्ट शब्दों में लिखा हो कि किसानों को यदि धान क्रय से संबंधी किसी भी तरह की शिकायत हो तो वे इन नंबरों पर शिकायत कर सकते हैं। साथ ही सम्बन्धित जिलाधिकारी ये सुनिश्चित करेंगे कि शिकायत करने वाले नम्बर न केवल सक्रिय हो बल्कि शिकायतकर्ता की समस्या का तत्काल उचित निराकरण भी हो। जिलाधिकारी उस पर खुद कॉल करते रहें। साथ ही यदि कोई किसान जिलाधिकारी अथवा संबंधित उप जिलाधिकारी के पास धान क्रय की उचित निस्तारण के संबंध में कोई शिकायत करता है तो उस पर अनिवार्य रूप से त्वरित व उचित कार्यवाही करनी ही होगी। इसके अतिरिक्त जहां तक संभव हो मण्डी अथवा क्रय केन्द्रों पर सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाने तथा उसकी नियमित मॉनिटरिंग करने को भी कहा।

**अन्तिम मूवमेंट के लिए पेंडिंग ना रखें: सीएस**

मुख्य सचिव ने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि विभागीय स्तर पर विभिन्न कार्यों में जो औपचारिकता और कार्य पहले किये जा सकते हैं उनको पहले से ही पूरा कर लें, बिना किसी वाजिब कारण के हर एक कार्य को अन्तिम मूवमेंट के लिए पेंडिंग ना रखें, इसको गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिये कि सारी प्रक्रिया समय से पूरी हो, इसके लिए वार्षिक कैलेण्डर बना लें और उसका अनुपालन करें। उन्होंने भुगतान की पहले की पेंडेंसी को तत्काल निपटाने तथा आगे से भुगतान से संबंधित प्रक्रिया को सरलीकृत करने तथा पोर्टल से सम्बन्धित जो भी तकनीकी समस्या है उसको भी तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए।

**1 से 20 अक्टूबर तक केवल उत्तराखण्ड के ही किसानों के धान की खरीद की जाएगी**

मुख्य सचिव ने जनपद ऊधमसिंहनगर के लिये धान क्रय के संबंध में निर्देश दिये कि ऊधमसिंह नगर में दिनांक 01 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक केवल उत्तराखण्ड के ही किसानों के धान की खरीद की जाएगी। उसके पश्चात् सम्बन्धित जिलाधिकारी अपने स्तर से इस तिथि को आगे बढ़ा सकते हैं।

# सभी कार्यो की थर्ड पार्टी से जॉच कर लें

**बैठक**

■ मंत्री ने की शहरी विकास तथा आवास विभाग से सम्बन्धित कार्यो की समीक्षा बैठक

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश के शहरी विकास, एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री बंशीधर भगत की अध्यक्षता में विधानसभा स्थित सभाकक्ष में शहरी विकास तथा आवास विभाग से सम्बन्धित कार्यो की समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में मंत्री द्वारा अमृत योजना की समीक्षा करते हुए कहा गया कि सभी कार्यो की थर्ड पार्टी से जॉच कर लें। वाटर सप्लाई, सिवरेज और ड्रेनेज से सम्बन्धित कार्यो में समन्वय स्थापित किया जाय।



इस सम्बन्ध में शहरी विकास विभाग, पेयजल विभाग, लोक निर्माण विभाग और नगर निगम की संयुक्त बैठक करके कार्यो में आने वाली बाधाओं को दूर कर लिया जाय। इस सम्बन्ध में सचिव, शहरी विभाग, पेयजल के एम.डी. के साथ अलग से बैठक करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में निर्देश दिया गया कि अमृत योजना के अन्तर्गत सड़क जो भी गड्डे खोदे जा रहे है उसे उसी समय भरने की भी कार्यावाही करें। सड़को की स्थिति ठीक करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये गये।

स्वच्छ भारत मिशन की सफाई कार्यो पर विशेष घ्यान दने के निर्देश दिया गया। डोर टू डोर कलेक्शन पर जोर देते हुए 100 प्रतिशत डोर टू डोर कलेक्शन करने के निर्देश दिया गया।

जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण समाप्त होने के बाद नक्शा पास होने से सम्बन्धित समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया गया। कहा गया कि जनता की सुविधा को देखते हुए यदि किन्ही नियमों में बदलाव करना हो तो कैबिनेट में प्रस्ताव लाए।

इस दौरान बैठक में विधायक विनोद चमोली, सचिव शहरी विकास व आवास शैलेश बगोली, निदेशक शहरी विकास विनोद कुमार सुमन सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद थे।

### सीएम ने किसानों के प्रतिनिधिमण्डल ने भेंट की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में विधायक हरभजन सिंह चीमा के नेतृत्व में बाजपुर के किसानों के प्रतिनिधिमण्डल ने भेंट की। उन्होंने किसानों के हित में किये जा रहे प्रयासों के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सरकार नो पेंडेंसी के आधार पर कार्य कर रही है। किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रभावी प्रयास किये जा रहे हैं। सरकार जनता के साथ साझीदार के रूप में कार्य कर रही है। जन सुविधा के लिए कार्यों के सरलीकरण, समाधान और निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अधिकारियों को प्रत्येक कार्य दिवस में 10 से 12 बजे तक जन समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करने के निर्देश दिये गये हैं। सभी जनपदों में तहसील दिवसों का आयोजन किया जा रहा है। जितनी भी घोषणाएं की जा रही हैं, सभी पूरी की जायेंगी।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।